# संग्रहण निर्देश




## पहला चरण

आपको मेल में एक लिफाफा मिलेगा जिसमे परीक्षण करने के लिए ज़रूरी सभी चीज़ें होंगी, जिसमे निर्देश भी शामिल हैं। आपको बस 2 अलग-अलग बार के मल से 2 छोटे नमूने लेने होंगे।



## दूसरा चरण

एक संग्रह करने वाली ट्यूब लें और उसमें अपना विवरण लिखें। सबसे पहले पेशाब करें, फिर फ्लश करने योग्य टॉयलेट लाइनर को टॉयलेट बाउल में लगाएँ। यह आपके मल को नमूने के लिए एकत्र कर लेगा।



## तीसरा चरण

एक बार जब आप मल त्याग कर लें, तो संग्रह ट्यूब को खोलें और छड़ी की नोक को अपने मल पर आगे-पीछे रगड़ें। आपको केवल एक छोटे से नमूने की आवश्यकता है। छड़ी को वापस ट्यूब में डालें और ढक्कन को बंद कर दें।



## चौथा चरण

ट्यूब को जिपलॉक बैग में रखें और किसी ठंडी जगह पर रख दें। फ्रिज सबसे अच्छा है, लेकिन इसे फ्रीजर में न रखें।



## पाँचवाँ चरण

जब आप अगली बार शौच करें तो दूसरी संग्रह नली के साथ भी यही प्रक्रिया दोहराएँ।




## छठा चरण

फॉर्म भरें और इसे अपने 2 नमूनों के साथ लिफाफे में डालें। लिफाफे को सील करने से पहले लिफाफे के पीछे दी गई चेकलिस्ट को पढ़ें। यदि संभव हो तो नमूने 24 घंटे के भीतर मेल करें। डाक निशुल्क है!

Australian Government

NATIONAL BOWELCANCER SCREENING PROGRAM

health.gov.au/NBCSP

1800 930 998